भारतीय खेल प्राधिकरण
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत स्वयत्त संस्था
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, पूर्वी द्वार, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 0903
ई मेल : directorfinance.sai@gmail .com दूरभाष : 24368387

<u>सूचना</u>

1. सावधि जमा में दो 103.63 करोड़ रुपए (लगभग) और 89.56 करोड़ रुपए (लगभग) अलग-अलग निवेशों के लिए अनुसूचित राष्ट्रीयकृत बैंकों से कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं। दिल्ली स्थित शाखाओं में जमा की जाएगी। एक बैंक से एक कोटेशन पर विचार किया जाएगा। एक से अधिक कोटेशन प्राप्त होने की स्थिति में उक्त बैंक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। एक/दो/तीन और अधिक वर्षों के लिए ब्याज दर उद्धृत किया जा सकता है। भाखेप्रा के पास सावधि जमा की मात्रा और अवधि तय करने का अधिकार सुरक्षित है।

2. तकनीकी शर्तें:

क) 31.03.2022 तक बैंकों का न्यूनतम निवल मूल्य कम से कम 1000 करोड़ रुपए होना चाहिए।
ख) 31.03.2022 को पूंजी पर्याप्तता का अनुपात कम से कम 10.5% होना चाहिए।
ग) बैंक की शाखा दिल्ली में होनी चाहिए।
घ) समापन तिथि के अनुसार बैंक कम से कम 5 वर्ष पुराना होना चाहिए।
च) मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए शुद्ध एन.पी.ए. का अनुपात 5% से अधिक नहीं होना चाहिए।

3. यह सूचित किया जाता है कि निवेश की पूर्व परिपक्वता के मामले में भाखेप्रा कोई दंड प्रभार वहन नहीं करेगा और दरों को बिना शर्त उद्धृत किया जा सकता है। कोटेशन में यह भी विशेष रूप से उल्लेख किया जा एगा कि **"निवेश की पूर्व परिपक्वता पर कोई दंड शुल्क नहीं लगाया जाएगा"** । निवेश रखने के लिए कोई न्यूनतम समय सीमा स्वीकार नहीं की जाएगी। निवेश भागों में भी किया जा सकता है।

4. यदि एक से अधिक बैंकों द्वारा समान ब्याज दर उद्धृत की जाती है, तब निम्नानुसार वरीयता दी जाएगी:

क) भाखेप्रा के मौजूदा बैंकर होने के नाते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को पहली प्राथमिकता।
ख) अन्य अनुसूचित राष्ट्रीयकृत बैंकों को दूसरी वरीयता।

5. यह भी सूचित किया जाता है कि 10.10.2022 सायं 5.00 बजे तक पासवार्ड संरक्षित तकनीकी बोली और वाणिज्यिक/वित्तीय बोली ई मेल द्वारा प्रस्तुत की जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। 11.10.2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तकनीकी बोलियां निदेशक (वित्त) के कार्यालय में बोलीदाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

6. बैंकों से अनुरोध है कि वे एक सप्ताह की वैधता वाली अपनी नवीनतम प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें (बोली की अंतिम तिथि अर्थात 10.10.2022) को भेजें:

ई मेल: dirfin-sai@gov.in

किसी भी जानकारी लिए कृपया संपर्क करें:

निदेशक (वित्त), पहली मंजिल, कमरा नंबर 112,
भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, पूर्वी द्वार,
लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003
फोन: 24368387